## शराब की तस्करी की आशंका में सीमा हुई सील पुलिस ले रही वाहनों की तलाशी

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** 01 अप्रैल से छत्तीसगढ़ की रमन सरकार द्वारा शराब बेचने के निर्णय के बाद रायगढ़ जिले से लगी उड़ीसा एवं झारखण्ड की सीमाओं को आज से सील कर दिया गया है। चूंकि इन इलाकों से देशी व विदेशी शराब की तस्करी की आशंका पुलिस को थी जिसके चलते आज सुबह से ही भारी पुलिस फोर्स दोनों प्रदेशों की सीमाओं पर तैनात कर दी गई और यहां से जाने जाने वाले वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है।

## शराब दुकान के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा सोनिया नगर,रामभांठा व बोईरदादर में धरना

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को आबकारी नीति के खिलाफ आज शहर में मोहल्लेवासियों का गुस्सा फूटा और कई स्थानों पर शराब दुकान खुलने के विरोध में धरना प्रदर्शन के साथ साथ प्रस्तावित शराब दुकानों में तोडफोड़ की भी घटना सामने आई है। शहर के भीतर विभिन्न वार्डो में शराब दुकान खोलने के विरोध में मोहल्लेवासी लामबंद हो गये है। इसी क्रम में आज शहर के सोनिया नगर, रामभांठा, बोईरदादर चौक सहित कई स्थानो पर मोहल्लेवासियों विशेषकर महिलाओं ने धरना प्रदर्शन करके शराब दुकान के विरोध में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## कांग्रेसियों किया आबकारी नीति का विरोध

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** प्रदेश की भाजपा सरकार के शराब नीति के विरोध में शहर के कांग्रेसियों ने आज रैली निकालकर शहर भ्रमण किया और अपने स्तर पर सरकारी नीति के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस की यह रैली शनिवार 1 अप्रैल की शाम 5 बजे स्टेशन चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई। रैली के संयोजक अशरफ खान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बडी संख्या में इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और रैली में शामिल होकर शहर भ्रमण के दौरान सरकार की आबकारी नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## नहर में पानी छोडने को लेकर कांग्रेस व किसानों ने किया चक्काजाम विधायक उमेश भी पहुंचे मौके पर

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** नहर में पानी छोडने के वादे से मुकरे सिचाई विभाग अधिकारी इसलिए ग्रामीणों ने किया घंटों तक किया चक्काजाम। किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं लोगों का उत्साह बढ़ाने खरसिया विधायक उमेश पटेल भी पहुंचे। उक्त कार्यक्रम के समर्थन में अपनी पूरी ताकत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस खरसिया व एनएसयूआई तथा संपूर्ण कांग्रेस जनों ने भरपूर सहयोग किया । बाद में जल संसाधन विभाग के उच्चाधिकारियों के द्वारा तत्काल पानी छोडने के लिए सहमति जताये जाने पर चक्का जाम खुला।

## हनुमान जयंती मनाने की जोरदार तैयारियां गंजबाजार स्थित हनुमान मंदिर में होगा कार्यक्रम

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** अंजनी के लाल हनुमान लला की जयंती समारोह बड़ी धूम धाम से दो दिवसीय 10 एवं 11 अप्रैल को खरसिया के गंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में मनाने की तैयारी जोरो से चल रही है । जयंती समारोह में अखण्ड रामायण पाठ भव्य निशान यात्राएए सुन्दरकाण्ड का पाठ, हनुमान लला का जन्मोत्सव भव्य भण्डारा एवं भजनामृत की वर्षा होंगी।

# सैकड़ों लिटर शराब के साथ 4 पकड़ाये

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** जिले में सरकारी दुकाने खुलने में हुई देरी का फायदा उठाकर ब्लैक में शराब बेचने वालो पर पुलिस ने आज गाज गिरायी और बड़े पैमाने पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध मदिरा का भंडार पकड़ा। जूटमिल थाना चौकी ने गोडीडिपा के गोपीचंद 45 साल के यहां छापा मार कर 27 लिटर शराब जप्त की तथा उसे आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया। इसी तरह आज थाना चक्रधरनगर ने सूचना मिलने पर संबलपुरी स्थित सेवती ढाबा में दबिश देकर श्रीमती सेवती वैष्णव के कब्जे से 196 पाव देशी मदिरा को उसके ढाबा में छिपा कर रखने पर विधिवत कब्जे में लिया। उक्त आरोपिया पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया। थाना बरमकेला में भी आज ग्राम तोरेसिंघा में अवैध शराब बिक्री हेतु रखने की मुखबिर सूचना पर स्टाफ व्दारा दबिश देने पर आरोपी कृष्णचन्द गोपाल 38 वर्ष से दो काटून में 19 नग आधी,06 पाव देशी मंदिरा प्लेन एवं 04 पाव मसाला मिलने पर विधिवत कब्जा पुलिस लिया गया उक्त आरोपी पर आबकारी एक्ट अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर विवेचना में लिया गया। थाना पुसौर के बड़े भंडार में अवैध तरीके से शराब संग्रहण कर रखने की सूचना पर आज ग्राम बड़े भंडार में आरोपी सीताराम सारथी के क़ब्ज़े से 136 पाव, 24 लीटर 480 मिली जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई ।

## अण्डरब्रिज का काम अंतिम चरणों में

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** अण्डर ब्रिज का काम अब अपने अंतिम चरणों पर है कुछ दिनों से बंद अण्डर ब्रिज के कारण लोगों को फाटक के उस पार जाने मे परेशानियाँ हो रही थी, लेकिन अब कुछ ही दिनों की बात और है फिर अण्डर बन कर तैयार हो जाऐगा। अण्डर ब्रिज का सांचा क्रांक्रिट की ढलाई करके बना लिया गया है, जिसे दो,दो क्रेनो और एक जेसीबी वाहन के माध्यम से उठाकर पुराने अण्डर ब्रिज के साथ जोड़कर अण्डर ब्रिज की लम्बाई तीसरी लाईन के लिए बढाई जा रही है, जो अब कुछ ही दिनों मे अपना मुर्तरुप ले लेगा। स्टेशन मे भी पटरियो के स्लीपर बदली होने का काम भी प्रारंभ होने वाला है,पटरियो के पास पर्याप्त स्लीपर डाल दिये गये है,बिलासपुर जोन से स्लीपर बदली करने वाली मशीन जल्द आने वाली है।

## सजा राम दरबार

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** रामनवमी सार्वजनिक समिति द्वारा 5 अप्रैल को श्री राम शोभा यात्रा नटवर हाई स्कूल के ग्राउंड से दोपहर 4 बजे निकाली गई, जिसमे गत वर्ष अग्रवाल समाज द्वारा श्री हनुमान जी की झांकी निकली गयी थी एवं इस वर्ष श्री राम दरबार की झांकी निकाली गई।

## दंतैल हाथी ने वृध्दा को कुचला

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ के ग्राम तेंदुमडी में रहने वाली श्रीमति गुरूवारी बाई 65 वर्ष को दंतैल हाथी ने कुचल कर मार डाला,वह रोज की तरह सुबह करीब 7 बजे महुआ बीनने दाढीखार जंगल तेंदुमुडी गई थी, जहां दंतैल हाथी ने गुरूवारी बाई पर हमला बोल दिया और कुचल दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी सूचना पर थाना छाल में मर्ग दर्ज कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया ।

## कुल्हाडी को लेकर युवक की गला रेत कर नृशंस हत्या करने वाला पकड़ाया

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** कुल्हाडी के मामूली विवाद को लेकर कुडूमकेला के होलाईबहाल टिकरा में एक की गला रेत कर हत्या कर दी गयी पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। गांव के सहितराम मांझी 30 वर्ष की, फूलसिंह मांझी ने कल दरम्यानी रात चाकूनुमा हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। फूलसिंह मांझी, सहितराम मांझी के घर से उनकी कुल्हाडी को उठाकर ले गया था, जिसे सहितराम शाम करीब 5 बजे फूलसिंह के घर मांगने गया तो फूलसिंह और उसकी पत्नि बस्ती के आमगली में सहितराम को मारपीट किये, जिसे सहितराम की पत्नि, श्रीमति सुखमोती मांझी और आसपास रहने वाले लोग झगड़े में बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराये, उसके बाद सहितराम और उसकी पत्नि घर आ गये थे और रात्रि खाना खाकर घर के आंगन में सोये हुये थे, कि करीब 11 30 बजे फूलसिंह घर अंदर आया और कुल्हाड़ी के विवाद को लेकर सहितराम के सीना में चाकुनुमा हथियार घोंप दिया और गला रेत कर उसकी हत्या कर भाग गया, घटना को श्रीमति श्रीमति सुखमोती मांझी देख रही थी, परन्तु डर से बीच बचाव नहीं की, आरोपी फूलसिंह के घर से भाग जाने के बाद अपने जेठ चैतराम को आवाज देकर बुलाया, जो सहितराम मांझी को पानी पिलाने का प्रयास किये, किन्तु तब तक सहितराम मांझी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना थाना घरघोड़ा को प्राप्त होते ही थाना प्रभारी घरघोड़ा उदय किरण सहायक पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक अरूण नेताम उपलब्ध बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मौका निरीक्षण कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर बिना नम्बरी मर्ग व धारा 302 भादंवि के तहत अपराध कायम किये तथाआरोपी फूलसिंह मांझी को हिरासत में लेकर थाना ले कर आये। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा।

## पानी की तलाश में आये कोटरी का कुत्तों ने किया शिकार

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** गर्मी से आम आदमी ही नही जंगलीजीव भी परेशान है, कहावत है जल ही जीवन है,पिछले तीन दिनों से आग उगल रहें सूर्य ने शहर को 43 डिग्री सेल्सियस तक तपा डाला, मौसम विभाग के अनुसार यह सिलसिला अभी आगे भी जारी रहने वाला है, इंसान तो जैसे तैसे इस गर्मी से राहत पाने का इंतजाम कर लेता है, लेकिन पैड़ पौधे व जीव जन्तुओ का तो बुरा हाल होता है। जंगलों मे लग रही आग से घबराये वन जीव गांवो की ओर रुख कर रहे है, लेकिन यहां भी वे महफूज नहीं। कुतों की टोली इन बेजुबानों के पीछे पड़ जाती है, और उन्हें अपने प्राणों से हाथ धोने पड़ते है। आज सुबह 6 बजे के लगभग भी ऐसा ही हुआ, जहाँ ग्राम खैरपुर जिंदल हास्पिटल के पीछे एक कोटरी जंगल से पानी की तलाश मे भटकते हुये गांव की और आ गया जहाँ कुतों ने उसे घेर लिया ओर कोटरी के पिछले हिस्से को नोच खाया। जेसे तैसे वह बच कर भागा, लेकिन गर्दन मे आई चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गयी। कोटरी को इलाज के लिये सेव फारेस्ट के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल पशु चिकित्सालय भी ले कर आये, लेकिन कोटरी को बचाया नहीं जा सका। कोटरी का पोस्ट मार्टम के बाद दाहसंस्कार कर दिया गया। कोटरी ने तो पानी के लिये अपनी जान दे दी, लेकिन वन अमले की बदइंतजामी की पोल खोल दी। अधिकारी क्या कर रहें हें न तो जंगल को आग से बचा पा रहें हे और न निरीह बेजुबान जानवरों को जल के लिए मरने से रोक पा रहे हैं। पिछले पांच साल से रायगढ़ वन अमलें की हालत बेहद खराब रही है, जंगलो की सुरक्षा पहले वन समितियाँ करती थी, लेकिन उनकी उपेक्षा से यह रक्षा कवच बुरी तरह टूटकर बिखर गया है, तानाशाही चलाने वालों के कारण इन वन समितियों का अस्तित्व खत्म कर दिया, अव्यवस्था व बदइंतजामी व्याप्त है, जिसे सुधारनें मे अब लम्बा वक्त लग सकता है। जिले के कुछ गॉवों में आए दिन जंगली हाथी के विचरण एवं किए गए नुकसान की खबरें आम बात हो गई हैं। पिछले दिनों धरमजयगढ़ में एक जंगली हाथी के द्वारा एक महिला को मार डाला गया, लेकिन करीडॉर जैसी योजनाए अभी भी केवल बंद बस्ते में ही हैं, और जान माल के लगातार नुकसान को रोकने के कारगर उपाय का नहीं किया जाना, कुछ ऐसे उपाय होने चाहिए कि जंगली जीव के साथ इंसान भी सुरक्षित रहें, यदि ऐसा ना हो तो केवल रकम की बर्बादी होती है।

## दिन दहाड़े 40 हजार की चोरी

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** हाइवा ने शो रुम में घुसकर ट्रेक्टर को मारी ठोकर ग्राम झूलनबर में कल सुबह करीब 7 बजे अजीत राठिया अपने घर में ताला लगाकर सभी सदस्यों के साथ महुआ बिनने अमानखार गया था। दोपहर करीब 12 बजे वापस आया तो घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था, अंदर समान बिखरा पडा था तथा वहां घर अंदर रखा लकडी का संदूक का ताला टूटा एवं संदूक खुला था, जिसमें रखा नगदी 20 हजार रू, एक जोड़ी कान की लुटकी वजन करीब 1 तोला, एक जोडी नाक की फुल्ली वजन करीब 2 मासा, एक जोडी चांदी की पायल व चिल्हर पैसा को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी गये समान की कुल कीमत लगभग 40 हजार रूपये है। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 454, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## हाइवा ने शोरुम में घुसकर ट्रेक्टर को मारी ठोकर

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** पीपरमार के शेखरचन्द्र पटेल पिता ने कल को हाईवा क्रमांक सीजी12 सी 2931 के चालक व्दारा इसके घर का दीवाल तोडकर शो रूम अंदर रखे ट्रेक्टर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। शेखर चन्द्र पटेल पीपरमार स्थित अपने घर के सामने हिस्से को नीरज कुमार साहू ग्राम खैरटबाग बहारा को फोर्स ट्रेक ट्रेक्टर के शो रूम के लिए किराये पर दिया है, 31मार्च को लगभग 1 बजे दोपहर ट्रक हाईवा सीजी 12 सी 2931 दस चक्का का चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये शो रूम की पक्के ईटो का बनी दीवाल को तोडकर शो रूम अंदर रखे दो ट्रेक्टरों को ठोकर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया । रिपोर्ट पर से ट्रेलर चालक के विरूद्ध धारा 279 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## दहेज प्रताड़ना जुर्म दर्ज

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** ग्राम देहजरी खरसिया में रहने वाली 22 वर्षीय महिला ने अपने पति सास, जेठ, जेठानी, चाची सास के विरूद्ध दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने संबंधी रिपोर्ट थाना खरसिया में की है, जिसकी जांच में पीड़ित महिला उसके माता पिता एवं स्वतंत्र साक्षियों का बयान लिया गया जिसमें पाया गया कि, ग्राम देहजरी की रहने वाली 21 वर्षीय युवती का विवाह अप्रैल 2016 में ग्राम छोटे डुमरपाली निवासी चैतन डनसेना के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। विवाह में युवती के माता पिता अपने स्वेच्छा से अलमारी,टीवी, कूलर फ्रीज सायकल आदि दिया था, जिसे लेकर युवती के पति, सास शांति बाई, जेठ परमेश्वर जेठानी गायत्री चाची सास, दहेज का सामान बहुत कम है, कहकर ताना देते थे, जिसपर रिपोर्ट होने पर धारा 498ए ,34 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।


ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो.नं. 9039961090

ऐजेंसी देना है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है
तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

" English Medium Study" Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसी Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE.... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::

Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां


आवश्यकता है
शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान गठित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion29@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion29@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931